आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 19.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के रक्षा सिद्धांत में महत्वपूर्ण मोड़ बताया है। ऑपरेशन में तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन हुआ।
- उत्तराखंड सरकार आज 16वें वित्त आयोग के समक्ष अपने विभिन्न प्रस्ताव रखेगी।
- रुद्रप्रयाग जिले के क्रौंच पर्वत स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में 108 बालमपुरी शंख की पूजा और यज्ञ—हवन का आयोजन किया गया, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल।
- देहरादून में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय, अधिकारियों को पेयजल से जुड़ी समस्याओं का समाधान हर हाल में करने के निर्देश।

<u>रक्षा मंत्रालय</u>

रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर, भारत के रक्षा सिद्धांत में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ— जिसमें तीनों सेनाओं के बीच तालमेल, रणनीतिक गहराई और तकनीकी प्रभुत्व का प्रदर्शन किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने सटीकता, व्यावसायिकता और उद्देश्य के साथ तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया को प्रदर्शित किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लडाई में ऑपरेशन सिंदूर ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक इच्छा शक्ति, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस और भारतीय खुफिया एजेंसियों की प्रामाणिक जानकारी का प्रमाण है।

<u>वित्त आयोग</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में एक बैठक होगी, जिसमें राज्य सरकार 16वें वित्त आयोग के समक्ष अपने प्रस्ताव रखेगी। इसके बाद आयोग नगर निकायों, पंचायत प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेगा।

मुख्यमंत्री ने कल मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांतिघोष, सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव केके मिश्रा और संयुक्त निदेशक पी. अमरूथावर्षिनी शामिल थे।

## जेपी नड्डा पिथौरागढ़ दौरा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने पिथौरागढ़ स्थित आर्मी गेस्ट हाउस में सेना, आई.टी.बी.पी और एस.एस.बी के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात हथियारों और उपकरणों की जानकारी ली और दुर्गम परिस्थितियों में कार्य कर रहे जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी वीरता और निष्ठा से देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्होंने जवानों को बधाई दी और केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। गुंजी प्रवास के दौरान श्री नड्डा ने नाबी गांव के लोगों को भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत जिले में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। इसमें आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा की व्यवस्थाएँ, पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाएँ, स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रस्तावित सड़कों और स्थानीय उत्पादों से जुड़ी रोजगार संभावनाओं का विवरण शामिल था। बाद में केंद्रीय मंत्री ने आदि कैलाश और पार्वती कुंड के पास भगवान शिव के मंदिर में विधिवत पूजा—अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र की आध्यात्मिक महत्ता और प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद यहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को नए रोजगार के अवसर मिले हैं।

## धार्मिक अनुष्ठान

रुद्रप्रयाग जिले के क्रौंच पर्वत स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में वेद मंत्रोच्चार के साथ 108 बालमपुरी शंख की पूजा और यज्ञ—हवन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, जिला प्रशासन और मंदिर समिति के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस एक दिवसीय अनुष्ठान में तमिलनाडु के प्रतिष्ठित मठों से आए शिवाचार्यों और आचार्यों ने भाग लिया। उन्होंने उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को एक सूत्र में बांधते हुए वैदिक विधि से शंख पूजन और हवन संपन्न कराया।

केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल ने इस अवसर पर कहा कि कार्तिक स्वामी मंदिर को धार्मिक पर्यटन के एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने मंदिर तक पहुंच मार्ग, पार्किंग, धर्मशाला, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाओं के निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई की बात कही। उन्होंने मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

उत्तराखंड शासन में कौशल विकास सचिव रवि शंकर ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर को रोपवे से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं और तीन किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है।

<u>पेयजल उपलब्धता</u>

देहरादून में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पानी की समस्या का समाधान हर हाल में किया जाए। यदि किसी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित है और उसे तुरंत ठीक करना संभव नहीं है, तो वहां टैंकर, घोड़े–खच्चर या अन्य किसी भी माध्यम से पानी पहुंचाया जाए।

पेयजल से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिलाधिकारी ने समिति का गठन किया है। आपदा कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है और वहां आने वाली हर शिकायत को संबंधित विभागों को भेजकर लगातार निगरानी की जा रही है। अब तक कंट्रोल रूम को कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 55 का समाधान किया जा चुका है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत पेयजल संकट वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है और सभी ट्यूबवेल तथा नलकूपों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल संस्थान और जल निगम के डिवीजनों के टोल फ्री नंबर प्रचारित किए गए हैं और साथ ही कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0135–2726066 और 1077 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

<u>उत्कर्ष रेस्टोरेंट</u>

हरिद्वार जिले के खानपुर विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित उत्कर्ष स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ग्रामोत्थान परियोजना के सहयोग से 'उत्कर्ष रेस्टोरेंट' की शुरुआत की है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन की सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल ने बताया कि यह पहल स्वयं सहायता समूह की सामूहिक प्रयास और आत्मनिर्भरता की अवधारणा को साकार करती है। ग्रामोत्थान परियोजना और एनआरएलएम के सहयोग से शुरू की गई यह आजीविका गतिविधि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गौरतलब है कि इस रेस्टोरेंट का संचालन पूरी तरह से समूह की महिलाएं करेंगी, जिससे उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, विपणन और सेवा क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। यह पहल भविष्य में अन्य स्वयं सहायता समूहों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगी।

<u>मैराथन</u>

केंद्रीय जीएसटी आयुक्तालय देहरादून की ओर से कल साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन फिटनेस, कार्यबल में एकता की भावना और देश में जीएसटी के महत्व को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

आगामी एक जुलाई को जीएसटी की 8वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी, जिसकी थीम है 'जीएसटी के 8 वर्ष : करों का सरलीकरण और नागरिकों का सशक्तीकरण।'' इस थीम के प्रचार–प्रसार के लिए मैराथन का आयोजन फिट इंडिया अभियान के समन्वय में किया गया।

मैराथन की शुरुआत महाराणा प्रताप चौक से हुई, जिसे जीएसटी आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त शुभ चिंतन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन मालदेवता रोड तक करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय कर संपन्न हुई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कर्ज के लिये पाकिस्तान पर ग्यारह शर्तें लगाई हैं। यह ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– भारत के दबाव का असर, गलत इस्तेमाल रोकने के बाद जारी होगी किस्त। समाचार पत्र के अनुसार आई.एम.एफ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वित्तीय सहायता राशि का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारत में कई हमलों का साजिशकर्ता पाक में ढेर, हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है। समाचार पत्र लिखता है– भारत में कई आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी रजाउल्ला निजामनी उर्ज अबू सैफुल्लाह की रविवार को पाक में हत्या कर दी गई।

एक सप्ताह में फिर से शुरू हो जाएगा एम्स की हेली एंबुलेंस का संचालन। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है– एम्स प्रशासन ने शनिवार को केदारनाथ जा रही में हेली एंबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद कंपनी से तीन दिनों के भीतर नई हेली एंबुलेंस उपलब्ध कराने को कहा है।

जल जीवन मिशन में बागेश्वर अव्वल, दून में 99 प्रतिशत काम पूरा। अमर उजाला समाचार पत्र के अनुसार प्रदेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत चौदह लाख 49 हजार में से अब केवल पैंतीस हजार घर ही बाकी बचे हैं।